an>

Title: Need to set up Food Processing Industries and cold storage facilities in Kaushambi Parliamentary Constituency.

श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी) : हमारे देश के कई क्षेत्र विशेष अपने विशिष्ट फलों के उत्पादन के लिए जाने जाते हैं। वर्तमान कौशाम्बी जनपद का निर्माण इलाहाबाद जनपद के एक भाग को अलग करके किया गया। कौशाम्बी लोक सभा क्षेत्र अंतर्गत कुन्डा एवं बाबागंज विधान सभा क्षेत्र (जनपद प्रतापगढ़) आवंला उत्पादन के लिए तथा कौशाम्बी विश्व प्रसिद्ध अमरूद तथा केला उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। इन जनपदों की लगभग 95 प्रतिशत आबादी कृषि विशेष रूप से इन फलों के उत्पादन पर निर्भर है। क्षेत्र में आज भी तकनीकी एवं विपणन सुविधा का अभाव है। केन्द्र एवं प्रदेश के संबंधित विभागों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया।

इन फलों के व्यावसायिक उपयोग हेतु उद्योगों की स्थापना भी नहीं की गई है। जिसके फलस्वरूप उक्त फलों की प्रचुर मात्रा में उत्पादन के बावजूद किसानों को फलोत्पादन का उचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। इन फलों के भंडारण हेतु भी कोई उचित व्यवस्था केन्द्र अथवा राज्य सरकार की ओर से नहीं की गई है। परिणामस्वरूप किसानों द्वारा फल-बागों को समाप्त किया जा रहा है तथा रोजगार की तलाश में क्षेत्र के नौजवानों का पलायन देश के अन्य प्रदेशों में हो रहा है।

इलाहाबाद नगर के विस्तार के साथ फल-पट्टी आवासी कालोनियों में परिवर्तित हो गई है। प्रदेश शासन की निष्क्रियता के परिणामस्वरूप इलाहाबाद की विश्व प्रसिद्ध सफेदा अमरूद की प्रजाति विलुप्त हो गई है।

अतः इन जनपदों में फलों के भंडारण हेतु उचित आधारभूत संरचना जैसे कोल्ड स्टोरेज आदि का विकास (निर्माण) हो तथा इन फलों पर आधारित प्रसंस्करण उद्योगों का विकास/निर्माण किया जाए जिससे फलोत्पादन किसानों के लिए फायदे का क्रियाकलाप बन सके और किसानों एवं नवयुवकों के लिए उचित रोजगार के अवसर सृजित हो सके।

अतः अनुरोध है कि कौशाम्बी लोक सभा क्षेत्र हेतु योजना बनाकर कोल्ड स्टोरेज का निर्माण एवं फल प्रसंस्करण के अतिरिक्त क्षेत्र में दुग्ध प्रसंस्करण उद्योग की भी अपार संभावनाएं हैं। सरकार इस प्रकार से इन पिछड़े क्षेत्रों का आर्थिक विकास कर सकेगी, रोजगार के अवसर पैदा होंगे तथा इन क्षेत्रों से नवयुवकों का रोजगार के लिए पलायन रोका जा सकेगा।